# सराहनीय कार्य

## इटावा पुलिस

**प्रेस नोट- दिनांक 23.04.2025**

**आभूषणों की चोरी करने वाले 02 बाल अपचारी, 01 अभियुक्ता सहित कुल 06 अभियुक्तों को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार,**

**कब्जे से चोरी किये गये आभूषण एवं चोरी के पैसों से खरीदा गया 01 मोबाइल किया गया बरामद।**

**अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी सैफई के कुशल नेतृत्व में थाना वैदपुरा पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण:-**

दिनांक 21.04.2025 को वादी सौदान सिंह पुत्र विद्याराम निवासी हीरापुर थाना वैदपुरा जनपद इटावा द्वारा थाना वैदपुरा पर सूचना दी गयी कि उसके पुत्र की दिनांक 30.04.2025 को शादी होनी है इस कारण उसने अपने घर में रखे आभूषणों को देखा तो उसमें से कई आभूषण चोरी हो गये थे। यह कृत्य मेरे घर रहने वाले मेरे साले के 13 वर्षीय पुत्र द्वारा किया गया है। सूचना पर तत्काल थाना वैदपुरा पर **मु0अ0सं0 20/2025 धारा 305(ए) बीएनएस** पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-**

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वाँछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 22.04.2025 को थाना वैदपुरा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर **02 बाल अपचारी, 01 अभियुक्ता सहित कुल 06 अभियुक्तों** को अधियापुरा रेलवे अण्डर पास के पास से समय 17.35 बजे गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

1. 02 बाल अपचारी
2. 01 अभियुक्ता
3. सारू उर्फ सारूखान पुत्र अंसार अली निवासी ग्राम अधियापुरा थाना वैदपुरा जनपद इटावा उम्र 23 वर्ष।
4. आविद उर्फ आवेद पुत्र अंसार अली निवासी ग्राम अधियापुरा थाना वैदपुरा जनपद इटावा उम्र 20 वर्ष।
5. सर्वेश पुत्र हरीशंकर वर्मा निवासी रजमऊ थाना वैदपुरा जनपद इटावा उम्र 55 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0 20/2025 धारा 305(ए)/317(2)/317(5) बीएनएस थाना वैदपुरा जनपद इटावा।

**बरामदगी:-**

1. 13000/- रूपये नकद **(आभूषणों को बेचकर अर्जित किये गये)**
2. 01 पोको कम्पनी का मोबाइल
3. 01 सोने की चैन
4. 01 सोने का मंगलसूत्र
5. 02 जोड़ी सोने के टॉप्स
6. सोने के 10 घूंघरू
7. 01 सोने की अँगूठी
8. 01 सोने की बेसर
9. 01 जोड़ी चाँदी की पायल

**पुलिस टीम-** निरी0 संजय सिंह प्रभारी थाना वैदपुरा मय टीम।